भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. †1683**

उत्तर देने की तारीख 02.03.2020

**आदिवासी बच्चों को उनके वातावरण में शिक्षा**

**†1683. श्री वाई. देवेन्द्रप्पाः**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार (क)आदिवासी बच्चों को उनके ही परिवेश में सर्वोत्तम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है;

और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय 700 क्या सरकार ने संपूर्ण देश में (ख) सीमा निर्ध-की समय 2022 आरंभ करने हेतु (ईएमआरएस)ारित कर दी है;

यदि हां (ग), तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

देश में अनुमोदित किए गए ऐसे विद्यालयों की कुल संख्या और आज की तिथि तक (घ) उनमें कार्यशील कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**जनजातीय कार्य राज्य मंत्री**

**(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)**

(क) से (घ) जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय बच्चों को अपने स्वयं के वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए 1998-99 से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की स्थापना कर रहा है । एक ईएमआरएस में 480 छात्रों के बैठने की क्षमता है । वर्ष 2018-19 की बजट घोषणा के अनुसार, 50% से अधिक अजजा जनसंख्या वाले और कम से कम 20,000 अजजा जनसंख्या वाले प्रत्येक ब्लॉक में 2022 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) होना चाहिए । मंत्रालय ने देश भर में 462 ऐसे ब्लॉकों की पहचान की है। 26.02.2020 तक मंत्रालय द्वारा कुल 438 ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 285 कार्यशील हैं। मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, वर्ष 2022 तक स्थापित किये जाने वाले ईएमआरएस की कुल संख्या 740 है ।

*****